23/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक ईरान और इजराइल से 1800 से ज़्यादा भारतीय नागरिकों को निकाला जा चुका है। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने बताया कि अगले दो दिनों में ईरान से 2 से 3 और उड़ानें निर्धारित की गई हैं। श्री मार्गेरिटा ने कहा कि मंत्रालय ईरान और इजराइल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों के साथ लगातार संपर्क में है। इसी से जुड़े एक घटनाक्रम में, इजराइल और जॉर्डन में भारतीय मिशनों ने इजराइली हवाई क्षेत्र बंद होने और वाणिज्यिक उड़ानें निलंबित होने के बाद संयुक्त प्रयास में 160 भारतीय नागरिकों को निकाला।

0000000000000000000000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज मुंबई में संसद और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के विधान निकायों की प्राक्कलन समितियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि प्राक्कलन समितियों ने शासन की कार्यकुशलता में सुधार लाने और प्रशासनिक सुधारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

0000000000000000000000

छप्पनवें इन्फेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल विवेक बख्शी ने आज राजभवन ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की।

उन्होंने एलएसी पर सुरक्षा स्थिति और रणनीतिक माहौल, नागरिक-सैन्य सहयोग को मजबूत करने और आपदा तैयारियों में संयुक्त प्रयासों, भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए कल्याणकारी पहल और सामुदायिक आउटरीच पर चर्चा की।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 6 जिलों पापुम पारे, कामले, सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लोअर दिबांग वैली और लोहित के लिये ऑरेंग अलर्ट और तवांग और शी-योमी जिले को छोड़ कर अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों मे अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली इरने और तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के मेबो सर्कल के अंतर्गत सिलुक गांव अब NCERT बूक का हिस्सा बन गया है। सिलुक गांव को कक्षा 3 के **एनवायर्नमेंटल स्टडीज़** सबजेक्ट के चेपटर-12 **'टेकिंग चार्ज ऑफ़ वैस्ट**' में जोड़ा गया है। सिलुक गांव ने पहले भी तीन बार स्वच्छतम गांव के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार के तहत सबसे स्वच्छ गांव का खिताब जीता है। इस खबर पर प्रतिक्रिया देते हूए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ईस्ट सियांग जिले का सिलुक अब ज़ीरो वैस्ट और जमीनी स्तर पर स्वच्छता के लिए एक राष्ट्रीय मॉडल बन गया है।

0000000000000000000000

आज अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस है। इस वर्ष के थीम, **"लेट्स मूव"** को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया।

थीम का उद्देश्य सभी के लिए शारीरिक गतिविधि को अधिक सुलभ, सामाजिक और आनंददायक बनाना है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस सभी को अनुशासन एवं टीम वर्क के बारे में याद दिलाता है, ये केवल एथलीट्स के लिए नहीं हैं, बल्कि ऐसे मूल्य हैं जिन्हें हर कोई अपना सकता है।

0000000000000000000000

भारत ने शिक्षा, आर्थिक सशक्तीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास में लक्षित पहलों के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक के उल्लेखनीय परिवर्तन को देखा है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए 1.74 लाख से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए।

0000000000000000000000

दापोरिजो विधायक तानिया सोकी और जेडपीएम जुमली दुलोम ने कल अपर सुबनसिरी जिले में सिगिन नदी के पास मोराक रिजो (नीमा) में बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण कर प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित किए। उन्होंने ग्रामीणों से मानसून में एहतियाती उपाय करने का आग्रह किया। विधायक ने लोगों की जान-माल की और अधिक क्षति को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू करने का आश्वासन दिया और आगे की कार्रवाई के लिए मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाने की भी जानकारी दी।

0000000000000000000000

आगामी 19 से 20 जुलाई को शि-योमी जिले के मेंचुका में **हाई अल्टीट्यूड बटरफ़्लाई एवं बायोडाइअवर्सिटी मीट** का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से आग्रह किया है कि वे दुर्लभ ऊंचाई वाली तितलियों को उनके प्राकृतिक आवास में जाकर जरूर देखें, स्थानीय समुदायों और संरक्षणवादियों से जुड़कर पर्यावरण के प्रति जागरूक पर्यटन को बढ़ावा देने का हिस्सा बनें।

0000000000000000000000

भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई ने आज ईटानगर स्थित राज्य भाजपा कार्यालय में बलिदान दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर विधानसभा के उपसभापति कार्दो न्यिग्योर और राज्य के वन मंत्री वांगकी लोवांग ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने उनके अटूट देशभक्ति, विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ दृढ़ रुख और दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की, जिसने एक अखंड भारत की नींव रखी। उन्होंने युवा पीढ़ी से उनके साहस, आदर्शों और राष्ट्र के प्रति आजीवन समर्पण से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

त्रिपुरा को आज देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया। अगरतला में रवींद्र शताब्दी भवन में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने यह घोषणा की।

000000000000000